# नाम उसका है बांके बिहारी भजन लिरिक्स

हम गरीबों से रखता है यारी,
नाम उसका है बांके बिहारी,
नाम उसका है बाँके बिहारी।bd।

---

प्यारी लगती गरीबों की नैया,
बैठ जाता है बनके खिवैया,
भूल जाता है देखो सरकारी,
नाम उसका है बाँके बिहारी।bd।

---

लोग कहते है त्रिलोकी नाथ है,
उसके हाथ में गरीबों का हाथ है,
शायद जानता नहीं वो दुनियादारी,
नाम उसका है बाँके बिहारी।bd।

---

उसका झोपडी में है आना जाना,
स्वाद लगता विदुर जी का खाना,
खुद को कहता है प्रेम का पुजारी,
नाम उसका है बाँके बिहारी।bd।

---

माल नरसी का पहले लुटवाया,
घर बनवारी मीरा का छुड़ाया,
प्यारा लगता सुदामा भिखारी,
नाम उसका है बाँके बिहारी।bd।

---

हम गरीबों से रखता है यारी,
नाम उसका है बांके बिहारी,
नाम उसका है बाँके बिहारी।bd।

**Singer – Harsha Taneja**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com